Statement

(a) and (b) During the period April-October, 2001, Andhra Pradesh had an energy shortage and peak deficit of 9.3% and 17.6% respectively. The State experienced the third highest peaking shortage during the period April-October, 2001.

At the request of the State Government, allocation from the unallocated quota of Central Generating Stations was increased from 40% to 54% and allocation of 33 MW from Rajasthan Atomic Power Station Unit No. 4 was made in favour of Andhra Pradesh upto 30th September, 2001. Andhra Pradesh also receives 200—210 MW of power from NTPC stations in the Eastern Region over the Gazuwaka HVDC link and another 150—160 MW from Orissa over Upper Sileru-Balimela 220 KV link under bilateral agreement. However, in October, 2001 power supply position in Andhra Pradesh improved due to good rainfall which led to higher hydel generation and fall in demand. In veiw of this, the State has not drawn its entitled power in full from Orissa as well as Central Sector Stations during October and November, 2001.

Providing a Single window clearance for Hydro-electric Projects

*223. SHRIMATI VANGA GEETHA: Will the Minister of POWER be pleased to state:

(a) whether Government have agreed to provide a single window clearance for hydro-electric projects;

(b) whether this will help in expeditious execution of projects; and

(c) the number of projects which have been cleared and are likely to be cleared under this system?

THE MINISTER OF POWER (SHRI SURESH PRABHU): (a) **to** (c) A Statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) to (c) It has not been found possible to have a single window clearance for hydro-electric projects in view of the involvement of several statutory and State agencies in clearance of such projects. Hydro projects impacting more than one State require consultation with the concerned States. However, the Government have streamlined the procedure of according clearances within the agencies of Government of India and have also set up a Crisis Resolution

Group for resolution of last mile problems. A three-stage clearance for hydroelectric projects under Central Sector has also been introduced.

श्री राजनाथ सिंह "सूर्य": माननीय सभापति जी, मंत्री जी ने जो अभी उत्तर दिया है, इसके पहले इस संदर्भ में लोक सभा में और इस सदन में जो प्रश्न उठे थे उनमें भी लगभग इसी प्रकार के उत्तर दिये जा चुके हैं। इन सारे उत्तरों को देखने के बाद ऐसा लगता है कि जो जल विद्युत परियोजनाएं हैं उनके प्रति हमारा आग्रह बढ़ने की बजाए, कम होता चला जा रहा है। जहां तक हम सबका अध्ययन है उसके अनुसार हमारी जल विद्युत परियोजनाएं सस्ती पड़ती हैं, उनके रख-रखाव में भी सुविधा होती है। इसके बावजूद भी जहां जल विद्युत की हमारी विद्युत परियोजनाओं में भागीदारी 1967-68 में 46 प्रतिशत थी वह अब घटकर 24 प्रतिशत रह गयी है। हमने जितनी भी विद्युत परियोजनाएं अभी तक कार्यन्वित की हैं उनमें लगता है कि थर्मल पावर को हमने ज्यादा महत्व दिया है बजाए जल विद्युत परियोजनाओं के। मंत्री जी ने अपने उत्तर के एक भाग में जो कठिनाइयां गिनायी हैं उनमें इस बार एक नयी कठिनाई और जोड़ दी है-उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र। जहां तक मैं जानता हूं जहां जल विद्युत परियोजनाएं कार्यन्वित होनी है, जहां का सर्वे हो चुका है उनमें अधिकांशतः उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल और हिमाचल, इस प्रकार के क्षेत्र हैं -जहां, उग्रवाद का कोई प्रभाव नहीं है। इसके बावजूद भी जवाब में यह कहा गया है। मैं मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि जल विद्युत परियोजनाओं को प्राथमिकता देकर उनमें कार्यान्वयन शुरु करने में जो ये कठिनाइयां गिनायी गयी हैं- जो भूमि का सर्वेक्षण है, परियोजनाओं में विस्थापित होने वाले लोगों का मुआवजा है- यह जैसे हाइडिल में होता है वैसे ही थर्मल में भी होता है। दोनों जगहों की ये ही व्यवस्थाएं हैं। फिर भी इस तरफ जो हमारी क्षमता है जिसका हमने सर्वेक्षण किया है उसका मात्र 16 प्रतिशत ही उपयोग करने का क्या कारण है? उसको बढ़ावा क्यों नहीं दिया जा रहा है?

श्री सुरेश प्रभु: सर, यह वास्तविकता है कि शुरु से लेकर आज तक हमारे देश में जल से विद्युत निर्माण करने से ज्यादा ध्यान हमने थर्मल पावर जनरेशन के ऊपर दिया है। उसके कारण आज 71 प्रतिशत हमारी जो बिजली निर्मित करने की क्षमता है वह थर्मल पावर से आती है और 24 या 25 प्रतिशत हमारी जो क्षमता है वह जल विद्युत के निर्माण से है। यह भी सही है कि आज हमारे देश में 1 लाख 50 हजार मेगावाट के करीबन हमारी जल विद्युत निर्माण की क्षमता है। दुर्भाग्य से आज तक हम 17 प्रतिशत से ज्यादा उस क्षमता को सही मायने में एक्सप्लायट नहीं कर पाए हैं। लेकिन यह कहना बिल्कुल सही नहीं कि हमारी सरकार का ध्यान इस तरफ नहीं है। इसलिए मुझे कहने में खुशी हो रही है कि हमारी सरकार ने एक विस्तृत कार्यक्रम बनाया है ताकि पूरी की पूरी हमारी जो हाइड्रो पोटेंशियल एक्सप्लायट करने की क्षमता है वह आगे आने वाले सालों में हम सही मायने में इस्तेमाल कर सके और इसमें पहला जो कदम उठाने की जरुरत थी वह कदम कुछ 6-7 महीने पहले हमने उठाये हैं जिसमें हमने जितनी हाइड्रो पोटेंशियल है उसकी रैकिंग स्टडी बनायी है। आप सबको पता होगा यदि हाइड्रो पावर पोटेंशियल डेवलप करना है तो उसके लिए

जहां वह पोटेंशियल एक्सप्लायट करना है उसका सर्वे, इन्वेस्टीगेशन करने की जरुरत होती है। वहां जियोलोजीकल कंडिशंस क्या है,टोपोग्राफ़ी कैसी है, उसको ध्यान में रखते हुए ही हाइड्रो पोटेंशियल एक्सप्लायट किया जा सकता है। साथ ही हमें यह पता है कि जहां ज्यादा से ज्यादा पानी बरसता है वहीं पर हाइड्रो पोटेंशियल एक्सप्लायट किया जा सकता है। पानी बरसने की स्थिति भी ऐसी जगह में है जहां हमारी फॉरेस्ट वैल्थ इस देश की है। इसलिए यदि हम सर्वे एडं इन्वेस्टीगेशन नहीं करेंगे तो हमको जियोलोजीकल सरप्राइज़ेज़ और टोपोग्राफीकल सरप्राइज़ेज़ का सामना करना होगा। इसलिए इस स्थिति को टालने के लिए प्रिलिमिनरी सर्वे एडं इन्वेस्टीगेशन से भी पहले हमने रैकिंग स्ट्डी की और हमारी पूरी की पूरी जितनी हाइड्रो पोटेंशियल एक्सप्लायट करने की क्षमता है, उसकी रैकिंग स्ट्डी हमने सैन्ट्रल इलैक्ट्रिसिटी अथारिटी से कराई और आज उसकी रिपोर्ट हमारे पास है। उसके आगे का जो कदम है वह हम करेंगे। बहुत जल्द कुछ ही दिनों में, शायद अगले दो महीनों अर्थात् जनवरी-फरवरी में हम हाइड्रो पोटेंशियल एक्सप्लायट करने का एक बहुत बडा अभियान चलायेंगे जिसमें हमारे देश के प्रधानमंत्री जी भी उसका उदघाटन करेंगे और पूरा एक्सप्लायट करने का जो एक्शन प्लान है वह हम बनायेंगे। यह जो वॉटर रिसोर्सेज़ है, सर, आपको पता होगा कि हाइड्रो पोटेंशियल राज्यों की जिम्मेदारी है और संविधान की एंट्री 17, लिस्ट 2 जो है उसके तहत water is a resource over which the respective State Government has a right and ownership and, therefore, यदि हम उनको इसमें सम्मिलित नहीं कर सकते तो यह हाईड्रों पोटेंशियल एक्सप्लायट करने का कार्यक्रम सिर्फ केन्द्र सरकार बना सकती है, तकनीकी सहायता दे सकती है, धन भी उपलब्ध करा सकती है, लेकिन कार्यक्रम तो राज्यों को ही कार्यान्वित करना है। हमारा जो पूरा हाईड्रों पोटेंशियल है वह या तो नार्थ में है, हिमालयाज़ में है, उत्तरांचल में है, जम्मू एडं कश्मीर में है या हिमाचल प्रदेश जैसे राज्य में है या फिर नार्थ-इस्ट राज्यों में है, जिसको कि सैवन सिस्टर्ज कहते थे लेकिन अब एट सिस्टर्ज कहते हैं। इसलिए हमने हर राज्य के साथ बाय-लैटरल टॉक्स भी शुरु की हैं। आपको शायद पता होगा कि कुछ समय पहले मैं खुद उत्तरांचल में गया था और वहां हमने एक कांफ्रेंस का आयोजन भी किया था जिसमें हमने यह तय किया कि किस तरह से पूरे हाईड्रों पोटेंशियल को एक्सप्लायट किया जाए। इस प्रकार पूरी तरह से हमने उसका कार्यक्रम बना लिया है और मुझे पूरा विश्वास है कि आगे आने वाले दिनों में हम इस कार्यक्रम को कार्यान्वित करने का एक बहुत बडा एक्शन प्लान भी इस देश के सामने रखेंगे। साथ ही हमारे सामने कुछ चुनौतियां भी हैं। जैसे आपने कहा है और यह बात बिल्कुल सही है कि नॉर्थ-ईस्टर्न स्टेट्स में आतंकवाद एक बहुत बड़ी चुनौती के रुप में हमारे सामने खडा है, लेकिन यदि हम हाईड्रों पोटेंशियल को एक्सप्लायट करते हैं तो इससे एम्पलायमेंट भी जेनरेट होगा और इन्फ्रास्ट्रक्चर भी बनेगा। मुझे विश्वास है कि इसी आधार पर हम वहां पर आतंकवाद को कम करने में भी कामयाब होंगे, क्योंकि इसकी एक बुनियादी वजह से लोगों को नौकरी नहीं मिलती है और इसी वजह से लोग आतंकवाद की तरफ झुकते हैं। इसलिए मेरा पूरा विश्वास है कि सही मायने में

आतंकवाद को हटाने के लिए, खत्म करने के लिए लोगों के जो सोशल इकोनोमिक इश्यूज़ हैं उन पर भी देश को ध्यान देना होगा और हाईड्रों पोटेंशियल को एक्सप्लायट करना, यह मैं मानता हूं कि उन लोगों के साथ एक तरह से न्याय करने की ही बात होगी।

श्री राजनाथ सिंह "सूर्य" श्रीमन्, माननीय मंत्री जी ने जिस कार्य योजना का जिक्र किया है उसकी पुस्तिका हम सब लोगों को भी मिल चुकी है, उसको हमने देखा है और भगवान करे उस कार्य योजना पर काम भी हो। माननीय मंत्री जी ने कहा है कि जल संसाधन राज्यों के नियंत्रण में है और राज्यों के माध्यम से ही इस योजना को कार्यान्वयन करना पडता है। मुझे जहां तक ध्यान है टिहरी परियोजना केन्द्र ने बहुत पहले अपने हाथ में ली थी। उसकी लागत 196 करोड़ से बढ़ते-बढ़ते 6,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है और अभी आगे कितनी जाएगी यह कहना बहुत मुश्किल है। परियोजना के कार्यान्वयन में जो विलंब हो रहा है उसका परिणाम यह है कि उसकी लागत भी बढ़ती जा रही है और उस पर काम भी नहीं हो रहा है। इसलिए विशेष रुप से टिहरी परियोजना के संदर्भ में माननीय मंत्री जी क्या करने जा रहे हैं, एक तो मैं यह जानकारी चाहता हूं और दूसरा हमारी जल विद्युत की कई परियोजनाएं अन्तर्राष्ट्रीय समझौतों में उलझी पड़ी हैं, धौली गंगा की है, घाघरा की है, राप्ती की है, गंडक की है, जो कि नेपाल से आनी वाली नदिय़ां हैं, इन पर हमारी वार्ता 30-40 सालों से चल रही है लेकिन अभी तक कोई अंतिम परिणाम नहीं निकला है। अगर उन पर ठीक प्रकार से समझौता और कार्यान्वयन हो सके तो हमारा विद्युत उत्पादन अधिक हो सकता है और इससे हमारे देश की सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान भी हो सकता है, तो उस संदर्भ में क्या प्रगति हो रही है क्या इससे माननीय मंत्री जी इस सदन को अवगत करायेंगे?

श्री सुरेश प्रभु: सर, पिछले सालों में जब हम ने जल-विद्युत प्रकल्पों को कार्यान्वित करने की कोशिश की, उस समय हम ने कुछ बुनियादी स्तर पर ध्यान नहीं दिया। जैसेकि मैंने शुरु में कहा कि जियॉलोजिकल सरप्राइसेस की वजह से काफी परियोजनाओं में विलंब हुआ है, उन का कॉस्ट ओवर-रन हुआ है और टाइम ओवर-रन भी हुआ है। इसलिए हम ने 8-9 महीने पहले एक नई नीति बनाई जिस के तहत थ्री स्टेज क्लिअरेंस देने के बाद ही प्रोजेक्ट को शुरु किया जाएगा। इस में जैसेकि मैंने कहा कि हम ने रेंकिंग स्टडी की है और उस के बाद प्रि-फीजिबिलिटी सर्वे के लिए सर्वे एडं इनवेस्टीगेशन किया जाएगा। सर, जब तक सर्वे एवं इनवेस्टीगेशन सही मायनों में नहीं किया जाएगा तो कांट्रेक्टर्स अपनी कॉस्ट बढ़ाते रहेंगे और देश को ज्यादा कम्पेनसेशन देना होगा। इसलिए हम ने तय किया कि सर्वे एडं इनवेस्टीगेशन के ऊपर भी काफी ध्यान देना चाहिए, काफी इनवेस्ट करना चाहिए ताकि जब टेंडर डॉक्युमेंट्स बनते हैं, उस में किसी को हुडविंक करने की क्षमता न रहे। इस तरह थ्री स्टेज क्लिअरेंस देने के बाद ही प्रोजेक्ट शुरु किया जाएगा, यह हम ने एक नई नीति बनाई है।

सर, टिहरी परियोजनाओं को पूरा करने के लिए अलग-अलग कदम उठाए जा रहे हैं। फिलहाल डैम की टनल को क्लोज करने की अनुमति केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार को दे दी है।...(**व्यवधान**)...चार में से दो हो गयी हैं। यह पूरी बन भी गयी है। सर, मैं कुछ समय पहले टिहरी डैम गया था और वहां के आउस्टीज के साथ मैंने चर्चा की है उन की समस्या को हल करने के लिए केन्द्र सरकार की तरफ से पूरी कोशिश की जा रही है।

डा0 कुमकुम राय: धन्यवाद, सभापति, महोदय। यह सभी जानते हैं कि पन-बिजली परियोजनाएं न केवल सस्ती बिजली का माध्यम हैं बल्कि देश के चहुमुखी विकास की भी साधन हैं। इन परियोजनाओं से न केवल सूखे से राहत मिलती है बल्कि पेयजल की समस्या के साथ-साथ बाढ़ की विभीषिका को भी कम करने में बहुत सहूलियत मिलती है। कृषि उत्पादन बढ़ने से ग्रामीण लोगों की आय बढ़ती है, देश का औद्योगिक विकास तीव्र होता है और पर्यावरण का संतुलन भी बनता है। सभपति जी, इस के कई लाभ होने के बावजूद, देश में डेढ़ लाख मेगावाट विद्युत क्षमता होने पर हमारे यहां सिर्फ16.6 परसेंट का ही दोहन हो पाता है। महोदय, आप ने अपने उत्तर में बताया है कि केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण ने तकनीकी तथा गैर-तकनीकी पैरा-मीटरों के आधार पर देश के सभी रिवर बेसिनों के संभावित हाइड्रो स्थलों का आरंभिक रेंकिंग कर लिया है, मैं आप से पूछना चाहती हूं कि इस रेंकिंग का ब्यौरा क्या है और कितने स्थलों पर इस रेंकिंग के माध्यम से हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजना शुरु करने का विचार है? साथ ही क्या इस रेंकिंग में बिहार राज्य भी आता है और बिहार के कितने रिवर बेसिंग इस में आते हैं और उनकी रेंकिंग के बारे क्या रिपोर्ट दी गयी है? इसी के तहत एक और प्रश्न पूछना चाहूंगी कि क्या इन हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजनाओं के लिए निजी क्षेत्र को भी आमंत्रित किया गया है। अगर हां, तो कितने निजी क्षेत्र आमंत्रित हुए हैं?

श्री सुरेश प्रभु: सर, जैसे कि मैंने शुरु में कहा था कि रेंकिंग स्टडी करने की जरुरत है क्योंकि हम कहते हैं कि 1 लाख 50 हजार मेगावाट की पोटेंसियल है, लेकिन इसे एक्सप्लाइट करने के लिए यदि पर-यूनिट कॉस्ट 20-25 रुपए आएगी या हमें लाखों लोगों को डिस्पलेस करना होगा या माइलो-फोरेस्ट को भी डि-फॉरेस्ट करना होगा जो शायद हाइड्रो पोटेंसियल तो एक्सप्लाइट हो जाएगा, लेकिन उस की सोशल कॉस्ट, इकॉनोमिक कॉस्ट और इकॉलोजिकल कॉस्ट इतनी ज्यादा होगी कि उसे एक्सप्लाइट करने का लाभ देश को नहीं मिलेगा। सभापति जी, हम ने रेकिंग स्टडी इसलिए कराई है ताकि हमें पता चले कि कौन सी परियोजना पहले ली जा सकती है जिससे कि लीस्ट डिस्प्लेसमेंट हो । इस के लिए हम ने मार्क्स भी दिए थे । सर, जिस परियोजना को सब से ज्यादा मार्क्स मिले, वह "ए" क्लास में है, जिसे कम मार्क्स मिले हैं वह "बी" क्लास में है और जिसे कम-से-कम मार्क्स मिले वह "सी" क्लास में है । तो रेकिंग स्टडी के आधार पर "ए" क्लास में जो परियोजनाएं हैं, उस को एक्लप्लाइट करने के लिए सब से पहले लिया जाएगा । सर,

वैसे भी आप देखेंगे कि 1 लाख 50 हजार मेगावाट क्षमता को पूरी तरह से एक्सप्लाइट करने के लिए 25-30 साल लगने वाले हैं। इसलिए कौन सी परियोजना की शुरुआत सब से पहले की जाय, इसे जानने के लिए हम ने ए,बी,सी एनालिसिस कर के परियोजनाओं को वर्गीकृत किया है। सर, आप को पता है देश में हमारे पास 6 रिवर सिस्टम्स हैं-बह्मपुत्र रिवर सिस्टम, गंगा रिवर सिस्टम, इंदस रिवर सिस्टम, सेंट्रल रिवर सिस्टम, ईस्ट फ्लोइंग रिवर सिस्टम एडं वेस्ट फ्लोइंग रिवर सिस्टम। तो सभी रिवर सिस्टम्स को इसी आधार पर परियोजनाओं में डाला गया है जिस में बिहार की परियोजना भी है। सर, बिहार की अलग-अलग परियोजनाओं के बारे में जहां तक मुझे पता है,"ए" क्लास में आने वाली जो परियोजना है उसमें कारो भी है, सांख भी है, ऐसी परियोजना जो 'ए' क्लास में हैं, लेकिन यदि वह 'बी' में भी होगी और बिहार सरकार यदि चाहेगी ...(**व्यवधान**)...

डा. कुमकुम राय: यह तो झारखंड में चली गई हैं। कृपया बिहार का बताएं।

श्री सुरेश प्रभू : जी, कोयल कारो झारखंड में है। झारखंड सरकार के साथ मेरी चर्चा हुई है। मैं खुद दो महीने पहले रांची गया था, वहां के मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जी से मेरी चर्चा हुई थी और मैंने उन्हें कहा था कि यदि वह चाहते हैं कि जो बिजली वहां बनेगी, जिस दाम पर बनेगी उस दाम पर लेने के लिए वह तैयार हैं तो केन्द्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर इस नतीजे पर पहुंच सकती हैं ताकि इस परियोजना का भी इस्तेमाल किया जा सके।

डा. कुमकुम राय: सर, आपने बिहार का नहीं बताया। बिहार रिवर बेसिन के बारे में क्या रिपोर्ट आई है ? 'ए' या 'बी' किस केटेगरी में रखा गया है ? बिहार की क्या संभावना है ?

श्री सुरेश प्रभु: सर, मेरे पास काफी परियोजनाओं की सूची है। अगर आप बिहार के लिए जानकारी चाहते हैं तो केटेगरी 'ए' में दो परियोजनाएं हैं, केटेगरी 'बी' में दो हैं और केटेगरी 'सी' में एक है।

डा. कुमकुम राय: सर, मेरे 'बी' पार्ट का मुझे उत्तर नहीं मिला। निजी क्षेत्र के आमंत्रण के विषय में आपने नहीं बताया कि क्या इस परियोजना में निजी क्षेत्र को आमंत्रित करने का कोई सरकार का विचार है या विचार किया है ? अगर विचार किया है, तो कितने निजी क्षेत्र को आमंत्रित किया है ?

श्री सुरेश प्रभु: निजी क्षेत्र को आमंत्रित करने की नीति है, लेकिन आमंत्रित करने के लिए उनके वहां जाने की जरुरत नहीं है। वह इस नीति में आ सकते हैं। उनमें जो भी पार्टिसिपेट करना चाहते हैं, पार्टिसिपेट कर सकते हैं।

SHRI K. RAMA MOHANA RAO: Mr. Chairman, Sir, I would like to bring to the notice of this august House that the Chief Minister of Andhra Pradesh, Shri N. Chandrababu Naidu, is one of the Chief Ministers who initiated power reforms in the country to improve the situation. However, for meeting the shortage of power, the State Government of Andhra Pradesh has requested the Central Government to allocate 200 MW out of the unallocated share of the Central Generating Stations in the Southern Region. Part (a) of my supplementary is, what decision has been taken in this regard.

Part (b) of my supplementary is with regard to the surplus power of 1600 MW in the Eastern Grid. I would like to know whether the Government would allocate some power from this Grid to Andhra Pradesh.

श्री रमा शंकर कौशिक: चेयरमैन, सर, इसमें यह प्रश्न संख्या 222 का तो आता नहीं है, 223 का आता है ।

श्री सभापति: ठीक है, अब ले लिया है तो तीनों एक साथ हो जाएगा ।

SHRI SURESH PRABHU: Sir, the hon. Chief Minister of Andhra Pradesh had made a request to us. In view of the severe drought and less rainfall in Andhra Pradesh, he wanted more power for Andhra Pradesh. Sir, I am happy to say, through my letter dated 17th September, 2001, I have already allocated more power to Andhra Pradesh, immediately, acceding to the request of the Chief Ministers of Andhra Pradesh. The entire deficit in power with regard to Andhra Pradesh was wiped out, because the Central Government allocated additional power from the unallocated quota of the Central Government. In addition to that, we have also earmarked some power that would be flowing from the Eastern Grid into the Southern Grid, for the State of Andhra Pradesh. I think, right now, Andhra Pradesh is not drawing the power which has been allocated to them; because, during last October and November, the State had received good rainfall; and, right now, there is no real shortage over there. If the hon. Member wants the details, I can give it to him. It shows that Andhra Pradesh is facing no difficulty in regard to power. The requirement of 3602 million units of power is right now available over there, but they are not able to draw as much as they need. We have already allocated them 1400 MW of power from the Central Generating Stations.

SHRIMATI VANGA GEETHA: Sir, in the month of November, 2001, the hon. Minister of Power, at a function organised by the NHPC, assured to provide a single-window clearance for all rehabilitation plans and hydro electric projects. What has happened to that assurance? And, I would also like to know from the hon. Minister the number of projects awaiting clearance.

SHRI SURESH PRABHAU: Sir, I am not aware as to who had given this assurance. But, at the same time, I would say, it is not feasible to provide a single-window clearance. It is not possible. Because, as I explained a little earlier, water, as a resource, is owned by the State Government concerned. So, it is the State Government concerned which has a role to play. The Central Electricity Authority has also a role to play, because it has to give the techno-economic clearance. The Ministry of Environment and Forests has a big role to play, because it has to give clearance pertaining to environment and forest. 'The forest clearance is required to be given, under the Forest Protection Act, 1980. The environment protection is required to be given, under the Environment Protection Act. Therefore, there are separate laws to give clearance. There is also a requirement that we have to make sure that the rehabilitation of the oustees from a project should be taken care of properly. So, it is not feasible to give a single-window clearance for hydroelectric projects. However, it is necessary that we streamline the procedure whereby a system can be adopted and clearance can be given quickly. Therefore, I directed the Central Electricity Authority to come out with a system whereby permissions can be given, particularly, as far as the CEA is concerned, as quickly as possible. As far as other arms of the Government — either the Central or the State Governments—are concerned, I would say that they have to be taken on board.

We are also thinking of a system whereby a special purpose vehicle, a dedicated vehicle, could be created to take care of environment and social issues. We know that many a time, before we obtain environment clearance, everybody expresses his concern about environment, but once the permission is granted, we really ignore the environment issues. The same thing is happening with the resettlement and rehabilitation of the people, because, many a time, we have seen that a rehabilitation package, is worked out very well but, at the implementation stage, there are many flaws which are noticed. Therefore, if a dedicated vehicle can taken care of the environment and social issues, it will solve the problem. So, this is also under the active consideration of the Government of India.

श्री रमा शंकर कौशिक: सभापति महोदय, हमारे यहां विद्युत उपलब्धता में जल बिजली का औसत प्रतिशत कम होता चला जा रहा है । बहुत दिनों पहले यह 30 प्रतिशत था, फिर बीच में 27 हुआ, फिर 26 हुआ, 25 हुआ और अब यह 24 प्रतिशत है और आज भी मंत्री जी ने जो उत्तर दिया, उसमें अधिकतर यही है कि सर्वेक्षण कराया जा रहा है और संभावनाओं का पता लगाया जा रहा है ।

श्रीमन्, मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि जिन परियोजनाओं पर काम हो रहा है और बहुत सी परियोजनाएं हैं जिनका जिक्र राजनाथ सिंह जी ने भी किया, उत्तरांचल में और कई ऐसी परियोजनाएं हैं जिन पर कई सालों से काम हो रहा है लेकिन उन पर काम या तो अधूरा पडा है या बंद कर दिया गया है। माननीय मंत्री जी ने भी अपने उत्तर में भी माना है कि 6.3 प्रतिशत परियोजनाएं विकास की विभिन्न स्थितियों में हैं। इनमें से ज्यादातर परियोजनाएं वही हैं जिन पर कई वर्षों से लगातार कार्य जारी है या बंद पडा है। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि 6.3 प्रतिशत की जो आपने बात कही है कि विकास की विभिन्न अवस्थाओं में हैं, उनको कब तक पूरा कर लिया जाएगा और 2.73 प्रतिशत की जो केन्द्रीय प्राधिकरण ने स्वीकृति प्रदान की है, उस पर कब से काम शुरु हो जाएगा ?

श्री सुरेश प्रभु: सभापति महोदय, जो परियोजनाएं अभी कार्यान्वित हो रही हैं लेकिन जिनमें अभी विलंब हो रहा है, ऐसी परियोजनाओं को पूरा करने के लिए हमने टास्क फोर्स बनाया है और उस पर काम हो रहा है। जहां ऐसा विलंब हो रहा है, वहां विलंब के कारण तय करने के लिए और एकाउंटेबिलिटी फिक्स करने के लिए हमने आदेश दे दिए हैं और हो सके तो उसके लिए जो भी लोग जिम्मेदार हों, उनके विरुद्ध कार्यवाही करने के आदेश भी हमने दे दिए हैं।

साथ ही आने वाले समय में जल्द से जल्द परियोजनाओं को कार्यान्वित किया जाए, इसके लिए सर्वेक्षण करने की जरुरत है। अगर वह सर्वेक्षण नहीं करते हैं तो इस तरह की समस्या खडी होती है क्योंकि बाद में वे कहते हैं कि हमें पता नहीं था, जिओलॉजीकल सरप्राईज़ेज आ गए, इसलिए डिले हो गया, इसलिए जब तक हम सही मायनों में ज्यादा से ज्यादा धन का निवेश नहीं करते, तब तक हमें ज्यादा लाभ नहीं होगा। यह बात सही है कि ऐसी कई परियोजनाएं हैं जो सालों से चल रही हैं, उनको पूरा करने के लिए हमने कार्यक्रम बनाया है और उसको जल्द से जल्द पूरा करने की जिम्मेदारी हमने ली है। इसमें कई परियोजनाएं ऐसी हैं जिन पर 5 साल से ज्यादा समय लग चुका है, हम उनको जल्द से जल्द पूरा करने की कोशिश करेंगे।

SHRI MANOJ BHATTACHARYA: Sir, my supplementary is pertaining to Question No. 221.1 was a little surprised to note that even though there is very efficient Minister to advance the cause of power, the NHPC's capacity utilisation has been much less, compared to 1998-99. For example, in Bairasul, the capacity utilization in 1998-99 was 100, while in 1999-2000, it was only 57.1 am thankful to the Minister for mentioning that the problem of insurgency and terrorism can be taken care of by taking care of the social and unemployment problems. In Loktak, which is in Manipur, there is no water scarcity. The Loktak is a lake. It is in Moirang. But, unfortunately, here also, the capacity utilization has gone down. In Salal, it has gone down. In Tanakpur, it has gone down.

In Chamera, it has gone down. In Uri it has gown down. It is almost half. In Rangit, the situation is not known because it has just started. Sir, the electricity generation has also gone down, as compared to 1998-99. In 1998-99, the electricity generation was 9917 million units, whereas in 1999-2000, it was only 8690 million units. The turnover has also gone down. Then, Sir, in the NHPC, the employment potential has also gone down. Compared to 1997-98, the employment potential has gone down. In 1997-98, the number of total employees was 12,184; whereas in 1999-2000, the number of employees went down to 12,150. The average emoluments have also gone down. So, it is quite evident that in the NHPC or in hydro-electric generation, the situation is not improving; rather it is deteriorating. I can also tell you about the investment, the capacity employed, the cost of production, the cost of sales, R&D expenses; every detail is with me. All these things have been taken from the reports of the public sector undertakings. So Sir, would the Minister be kind enough to respond to this situation?

SHRI SURESH PRABHU: Sir, the power generation from a hydroelectric station depends on the availability of water. If the reservoir level goes down, obviously, it is going to affect the generation in hydroelectric station. Last year, as per the India Meteorological Department, the rainfall was 92 per cent of the normal average. In fact, the water-storage system, from which we actually generate power, was operating at the below average level. As a result of that, because of low rainfall, many of our hydroelectric generation targets have been affected very adversely. It has not happened in India only. For example, in Brazil, they generate more than 92 per cent of power from hydro resource. They had to resort to 30 per cent power cut because of less availability of water. So, the availability of water determines to what extent we can generate power from a hydro-electric power station. Therefore, the low utilization of capacity, as far as hydro-electiic power stations are concerned, is attributable directly to the low rainfall and low reservoir level during the last year. Hopefully, the situation will improve. In fact, it has gone down in Andhra Pradesh. This was one of the reasons why Andhra Pradesh was facing such a problem. Andhra Pradesh did not receive enough rains. Even Karnataka did not receive enough rains. As a result of that, it had gone down there also. Therefore, this is the only criterion, that is, availability of water, on which the utilization will depend. Of course, it depends on demand also. But, in this case, it is not attributable to demand. It is directly attributable to low availability of water.

Sir, as far as employment is concerned, employment can be provided to the displaced people, to the project-affected people, as well as others, depending on the job potential that is there in a hydro-electric project. Sir, now, we want that the cost of power should be brought down as much as possible. Obviously, one of the ways to reduce the cost is to reduce the expenses that are associated with the generation of power. There is a high level of automation which is now taking place worldwide. You will be surprised to know that in Canada, for example, one of the biggest hydro-electric projects is operated by less than five people. This is the type of employment potential there. However, in Indian conditions we cannot follow that type of parameter. We must keep in mind the social angle. Therefore, we have to create employment. But to presume and to expect that the employment potential will go up in the same proportion as the hydro- electric potential is exploited, would, probably, not be fair to the consumers, who will have to pay the cost of creating employment in the generation sector, because they have to pay, through the tariff, the cost associated with this.

SHRI S.B. CHAVAN: Mr. Chairman, Sir, I would like to put two supplementaries to question No. 221. I would like to compliment the hon. Minister for ranking the projects. 1 would like to know as to what exactly are the reasons, which, in fact, are responsible for the delay in the completion of hydro-electric projects for a considerable time. In spite of the fact that the latest technology is available; our engineers are also top-class, why does it take such a long time to complete the projects? Hydro-electric project is an ideal one for providing the peaking capacity. It is environment-friendly and it is also a non renewable source of energy. Then, why is it that we are not trying to exploit the full potential that is available with us? It is a good thing that you made a ranking. How many projects are there in Category 'A'? I would like to know whether these projects can be completed within a stipulated time or not. Is there a possibility of international agencies being interested in the completion of these projects? What steps has the Government taken in this direction? My next question is: Has any study been carried out on the irrigation projects which are in operation now? It is also possible that by putting reversible-turbines, the peaking capacity can be increased. Has any study been carried out? If any study has been carried out, then, what exactly are the findings of these studies?

SHRI SURESH PRABHU: Firstly, as the hon. Member has pointed out, there has been a considerable delay in the implementation of several projects

